# 200 जापानी उद्योगपति परखेंगे निवेश की संभावनाएं

लखनऊ। प्रदेश में जापानी निवेश को नई रफ्तार देने के लिए 18 से 23 अगस्त तक यूपी-जापान इन्वेस्टमेंट मीट-2026 आयोजित होगा। दिल्ली और यूपी में होने वाले आयोजन में जापान के 200 से अधिक उद्योगपति, सीईओ, कारोबारी प्रतिनिधि और नीति-निर्माता शामिल होंगे। यमानाशी प्रीफेक्चर के गवर्नर कोटारो नागासाकी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल मैन्युफैक्चरिंग, सेमीकंडक्टर, ग्रीन एनर्जी, डिजिटल ढांचे, कौशल विकास और पर्यटन में निवेश की संभावनाएं तलाशेगा।

18 अगस्त को दिल्ली में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में स्वागत कार्यक्रम होगा। इसके बाद दिल्ली, लखनऊ, आगरा, ग्रेटर नोएडा और वाराणसी में निवेश, तकनीकी सहयोग और रोजगार को लेकर संवाद होंगे। 19 अगस्त को नई दिल्ली में सीएक्सओ राउंडटेबल व उद्घाटन सत्र होगा, जिसमें केंद्रीय रेल, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान समेत वरिष्ठ प्रतिनिधि शामिल होंगे। 21 अगस्त को लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में मुख्य निवेश सम्मेलन, जी2बी-बी2बी मैचमेकिंग और एस्कॉर्ट्स कुबोटा व मिंडा कॉरपोरेशन की परियोजनाओं की वर्चुअल ग्राउंड-ब्रेकिंग होगी।

**यूपी-जापान निवेश सम्मेलन**

## 18 से 23 तक लखनऊ दिल्ली, आगरा, ग्रेटर नोएडा व वाराणसी में होंगे निवेश सत्र

## मैन्युफैक्चरिंग, सेमीकंडक्टर ग्रीन एनर्जी और कौशल विकास पर रहेगा जोर

**500 एकड़ में जापानी सिटी की योजना :** एस्कॉर्ट्स कुबोटा यीडा सेक्टर-10 में 2025 करोड़ रुपये निवेश कर ट्रैक्टर व निर्माण उपकरण बनाएगी, जिससे 3800 रोजगार की संभावना है। मिंडा कॉरपोरेशन की सेक्टर-10 और 24 की दो परियोजनाओं में 1166 करोड़ रुपये निवेश और करीब 6,440 रोजगार प्रस्तावित हैं। दोनों से कुल 3191 करोड़ रुपये निवेश और 10000 से अधिक रोजगार संभावित हैं। यीडा में 500 एकड़ में जापानी सिटी की योजना है। सम्मेलन में अक्षय ऊर्जा, क्लीन टेक, ग्रीन हाइड्रोजन, ऑटो कंपोनेंट, इलेक्ट्रॉनिक्स, सेमीकंडक्टर, जीसीसी और डाटा सेंटर पर चर्चा होगी। आगरा, वाराणसी-सारनाथ-कुशीनगर के बौद्ध सर्किट में पर्यटन अवसर, जबकि गलगोटिया विवि में उद्योग-अकादमिक कौशल विकास पर संवाद होगा।